वार्षिक रिपोर्ट

2013 - 2014

पवन हंस लिमिटेड

(पूर्ववर्ती पवन हंस हेलिकॉप्टर्स लिमिटेड)

हमारा ध्येय

कम खर्च
और
अधिक उड़ान
पूर्ण
सतर्कता का
एलान

तालिका

- निदेशक मंडल 4
- प्रबंध समूह 5
- सूचना 6
- सदस्यों को अध्यक्ष का संदेश 7
- निदेशकों की रिपोर्ट 11
- प्रबंधन का विचार-विमर्श एवं विश्लेषण रिपोर्ट 27
- मुख्य वित्तीय अंश 33
- संक्षिप्त लेखे 40
- वर्ष के खाते 45
- कैश फ्लो विवरण 81
- लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट 83
- भारत के नियंत्रक तथा महालेखापरीक्षक की टिप्पणी 104

निदेशक मंडल

डॉ॰ बी॰ पी॰ शर्मा
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

जी॰ असोक कुमार
संयुक्त सचिव,
नागर विमानन मंत्रालय

मणि सथियावथी
नागर विमानन महानिदेशक

ए वी एम ए. एस. बुटोला
ए सी ए एस (ऑप्स एवं टी एंड एच)
वायु सेना मुख्यालय

टी॰ के॰ सेनगुप्ता
निदेशक (ऑफ शोर)
तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लि॰

प्रबंध समूह

अध्यक्ष एवं प्रबध निदेशक	डॉ. बी. पी. शर्मा
मुख्य सर्तकता अधिकारी	श्री प्रभात कुमार, भा. रा. से.
कार्यपालक निदेशक	श्री संजीव बहल
संरक्षा प्रमुख	श्री दीपक कपूर
महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)	श्री धीरेन्द्र सहाय
कम्पनी सचिव एवं महाप्रबंधक (विधि)	श्री संजीव अग्रवाल
महाप्रबंधक (परिचालन)	एअर कमोडोर (सेवानिवृत्त) आलोक कुमार
प्रभारी (अभियांत्रिकी)	श्री एम. पी. सिंह
स्था. महाप्रबंधक (मानव संसाधन)	श्री आर बी कुशवाहा
प्रभारी (विपणन)	श्री एम. एस. बूरा
उप महाप्रबंधक (इन्फोकॉम सर्विस)	श्री संजीव राजदान
उप महाप्रबधंक (सामग्री)	श्री एस. के. शर्मा
महाप्रबंधक (पूर्वी क्षेत्र)	श्री संजय कुमार
महाप्रबंधक (पश्चिमी क्षेत्र)	श्री एम. श्री कुमार
महाप्रबंधक (उत्तरी क्षेत्र)	श्री विजय पथियान

पंजीकृत कार्यालय

सफदरजंग हवाई अड्डा
नई दिल्ली - 110 003

प्रधान कार्यालय

सी-14, सेक्टर-1
नोएडा-201301

क्षेत्रीय कार्यालय

पश्चिमी क्षेत्र

जूहू ऐरोड्रोम
एस. वी. रोड
विले पार्ले (पश्चिम)
मुम्बई - 400 056

उत्तरी क्षेत्र

सफदरजंग हवाई अड्डा
नई दिल्ली-110 003

पूर्वी क्षेत्र

3रा तल, होटल राजश्री इन
वी आई पी रोड, एलजीबीआई
एअरपोर्ट, गुवाहाटी, कामरूप
(मेट्रो), असम-781 015

लेखापरीक्षक

मैसर्स खन्ना एवं आनंदम
सनदी लेखाकार
नई दिल्ली-110 001

शाखा लेखाकार

मैसर्स लखानी एंड कंपनी
सनदी लेखाकार
मुम्बई

बैंकर्स

विजया बैंक
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
पंजाब नैशनल बैंक

29वीं (स्थागित) वार्षिक सामान्य बैठक के लिए सूचना

सेवा में
समस्त शेयर धारक,
पवन हंस लिमिटेड

सूचित किया जाता है कि कंपनी की 29वीं (स्थगित) वार्षिक सामान्य बैठक दिनांक 19 मार्च 2015 को अपराह्न 1.00 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय सफदरजंग एअरपोर्ट, नई दिल्ली-110003 में निम्नलिखित कार्यो के लिए आयोजित की जाएगी:

सामान्य कार्य

1. लेखों का अंगीकरण

   यथास्थिति 31.03.2014, दिनांक 31 मार्च 2014 को वर्ष की समाप्ति का लेखापरीक्षाकृत तुलन-पत्र व लाभ-हानि खाता तथा उस पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट, भारत के नियंत्रक व लेखा परीक्षक की टिप्पणी तथा निदेशकों की रिपोर्ट प्राप्त करना, उन पर विचार करना तथा अंगीकार करना।

2. लाभांश की घोषणा

   विचारार्थ और यदि उपयुक्त धारणा हो निम्नलिखित संकल्प को साधारण संकल्प के रूप में आशोधन के साथ या उसके बिना पारित करने के लिए :-

   "संकल्पित है कि वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए कंपनी शेयर धारकों को ₹1245.616 करोड़ की प्रदत्त पूंजी पर कर पश्चात् शुद्ध लाभ (अर्थात् 38.57 करोड़) के 20% की दर पर ₹7,71,33,000/- के लाभांश राशि की एतद्द्वारा घोषणा की जाती।

पवन हंस लिमिटेड
के निदेशक मंडल के आदेशानुसार

नई दिल्ली
11 मार्च, 2015

(संजीव अग्रवाल)
कंपनी सचिव

टिप्पणी:

(क) ऐसे सदस्य जो इस बैठक में भाग लेने व मत देने के पात्र हैं, अन्य परोक्षी व्यक्ति को भी नियुक्त करने के पात्र है, जिन्हें कम्पनी का सदस्य होना आवश्यक नहीं हैं। परोक्षी व्यक्ति के नामांकन बैठक से 48 घंटे पूर्व कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। एक रिक्त परोक्षी फार्म संलग्न है।

पंजीकृत कार्यालय:
सफदरजंग एअरपोर्ट, नई दिल्ली-110003
कॉरपोरेट आईडेन्टिटी नंबर (सी. आई. एन.) : यू 62200 डी एल 1985 जीओआई 022233

सदस्यों को अध्यक्ष का संदेश

प्रिय शेयरधारकों,

मैं आपकी कंपनी की 29वीं वार्षिक साधारण बैठक में आपक स्वागत करते हुए अपार हर्ष महसूस कर रहा हूँ। वित्तीय वर्ष 2013-14 की वार्षिक रिपोर्ट वितरित की जा चुकी है और आपकी अनुमति से मैं इसे पढ़ा हुआ मानता हूँ।

वित्तीय वर्ष 2013-14 चुनौतियों का वर्ष रहा तथा कंपनी ने विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष के प्रदर्शन में सुधार करने का प्रयास किया है। वित्तीय वर्ष 2011-12 में कंपनी को नुकसान उठाना पड़ा तथा लाभप्रद पुनरूद्धार को सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा प्रशिक्षण व लेखापरीक्षा तथा लागत में कटौती करने के लिए सख़्त उपाय किए गए हैं। विगत वर्ष में 31,683 घंटे उड़ान की तुलना में 2013-14 के दौरान कुल उड़ान 31,890 घंटों का रहा। राजस्व के उड़ान घंटें विगत वर्ष के 30,310 की तुलना में 30,625 थे। 2012-13 के दौरान कंपनी के भौतिक प्रदर्शन को देखते हुए ये आंकड़े अधिक प्रोत्साहक नहीं है, लेकिन इस वित्तीय वर्ष के प्रचालन राजस्व आंकड़े काफी उत्साहवर्धक दिखाई पड़ते हैं। 31.03.2014 को समाप्त वर्ष के दौरान 46 हेलीकॉप्टरों के बेड़े में से 32 हेलीकॉप्टरों (विगत वर्ष 31 हेलीकॉप्टरों की तुलना में) की औसत मासिक तैनाती की गई थी तथा कंपनी के पास सीमा सुरक्षा बल (गृह मंत्रालय) के 06 ध्रुव हेलीकॉप्टरों के प्रचालन एवं अनुरक्षण की संविदाएं भी थी।

विगत वर्ष की तुलना वर्ष 2013-14 के दौरान कंपनी के प्रदर्शन में सुधार होने के निम्नलिखित कारण हैं, जैसे-हेलीकॉप्टरों की मासिक तैनाती का उच्चतर औसत, उच्चतर प्रचालन राजस्व (विशेष रूप में एमआई-172 हेलीकॉप्टर) तथा राजस्व में वृद्धि, उच्चतर राजस्व दर, हेलीकॉप्टरों की लम्बी अवधि की तैनाती के लिए नई संविदाओं की प्राप्ति, उपरिप्रभारों, यात्रा व्यय, बीमा लागत तथा व्यापार संवर्धन व्यय में कटौती होने से प्रचालन व्यय में कटौती के कारण हुए लाभ।

वर्ष 2013-14 के दौरान प्रचालन राजस्व विगत वर्ष में 465.25 करोड़ रुपये की तुलना में 13.82 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 529.59 करोड़ रुपये रहा। इस वर्ष के दौरान कंपनी ने अण्डमान एवं निकोबार द्वीप समूह के प्रशासनिक नियंत्रण में 4था अतिरिक्त डॉफिन हेलीकॉप्टर तथा अरूणाचल प्रदेश सरकार के नियंत्रण में एक एमआई-172 हेलीकॉप्टर की तैनाती की है।

इस वर्ष आपकी कंपनी ने प्रचालन राजस्व तथा निवल प्रचालन लाभ दोनों में सार्थक रूप से सुधार किया है। कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2013-14 में 73.03 करोड़ रुपये की उल्लेखनीय एवं उच्चतम प्रचालन लाभ प्राप्त करने की उपलब्धि हासिल की है जो वर्ष 2012-13 में 39. 64 करोड़ रुपये की तुलना में 84 प्रतिशत अधिक है।

वर्ष 2012-13 की टर्न-अराउण्ड नीति वर्ष 2013-14 में भी जारी रहा, बदलाव लाने के लिए अनेक योजनाएं तथा लागत में कटौती करने के उपाय अप्रैल 2012 के बाद ही अपनाए गए। लागत में कटौती करने के उपायों से 9.40 करोड़ रुपये की राशि के बराबर कंपनी के व्यय में संतोषजनक कमी आई है। कमी मुख्य रूप से ओवरटाइम पर 3.20 करोड़ रुपये की बचत से तथा विज्ञापन, यात्रा व्यय, टीए/डीए, उपरिप्रभार एवं कारोबार संवर्धन व्यय पर सख्ती से अनुवीक्षण करने के कारण 6.20 करोड़ रुपये की बचत करने से आई है।

कर्मचारियों की दिन-प्रतिदिन की बैठक/चर्चाओं को विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से करने को प्रोत्साहित करने से सुधार हासिल किया गया है। इंवेंट्री बजट के सूक्ष्म व प्रभावी नियंत्रण के लिए इंवेंट्री प्रबंधन प्रणाली को कार्यान्वित किया गया है। ओएनजीसी हेतु हेलीकॉप्टर सेवाओं में हेलीकॉप्टरों में विलम्ब को घटाने के लिए समय पर बेहतर कार्य निष्पादन

की व्यवस्था नियन्त्रित कि गई है। परिचालन दक्षता में सुधार करने तथा एमआईएस के सभी बेसों को इंटिग्रटिड कंप्यूटर प्रणाली में दैनिक माल सूची की प्रविष्टि का निर्देश दिया गया है। विभिन्न प्रकार के हेलीकॉप्टरों पर पायलटों के क्रास कंवर्जन को प्रोत्साहित करना जिसके चलते उनके दक्षतापूर्ण उपयोग और सभी प्रकार के बेड़ों पर सीएआर के अनुसार प्रति पायलट बढ़े हुए उड़ान घंटों की प्राप्ति हुई है। एफटीएल/एफडीटीएल की केंद्रीकृत कंप्यूटर प्रणाली के द्वारा निगरानी तथा निम्न निष्पादक क्रू पायलटों की छंटली। पूर्वोत्तर क्षेत्र पर समुन्नत फोकस के लिए पूर्वी क्षेत्र का सृजन। अधिकारियों के लिए मासिक/तिमाही/ वार्षिक लक्ष्यों के साथ कर्मचारियों के प्रत्येक स्तर पर जिम्मेदारी और जवाबदेही निश्चित की गई है। कुल हानि के न्यूनीकरण और बेहतर राजस्व सृजन के लिए ओएनजीसी हेतु एओजी के हेलीकॉप्टरों की उपलब्धता और सख्त नियंत्रण/निगरानी द्वारा प्रस्थान में विलंब से बचना। उत्तरी पूर्वी राज्यों में बकाया राशि की शीघ्रता से वसूली के लिए आरंभिक रूप से एक समर्पित दल गठित किया है।

वर्ष 2012-13 के रुपये 238.91 करोड़ की तुलना में वर्ष 2013-14 के दौरान कंपनी की आरक्षितियां तथा अधिशेष रुपये 268.22 करोड़ रहे। यथास्थिति दिनांक 31.03.2014 दीर्घावधि ऋण रुपये 171.04 करोड़ (गत वर्ष रुपये 274.69 करोड़) था, इसके अतिरिक्त कंपनी ने विजया बैंक और एक्सिम बैंक से लिया सम्पूर्ण ऋण चुका दिया है। वर्तमान में बकाया ऋण रुपये 81.49 करोड़ (रुपये 38.22 करोड़ ओएनजीसी तथा रुपये 40.06 करोड़ एनटीपीसी से) है। कंपनी ने अपने ऋण इक्विटी अनुपात के दीर्घकलिक ऋणों की पुन: अदायगी के पश्चात 0.16:1 कम किया है। कंपनी की रेटिंग इंडिया ए से सुधरकर स्टेबल इंडिया ए + हो गई है। यह व्यापार में स्थिरता, राजस्व में सतत रूप में वृद्धि, बेहतर परिचालन प्रदर्शन और संरक्षा पहलों के कारण संभव हुआ है।

कंपनी का लगभग 85% प्रचालन राजस्व प्रतिस्पर्धा निविदाओं के माध्यम से संविदाओं से अर्जित होता है। ओएनजीसी ने हाल ही में क्रू परिवर्तन निविदा के साथ 5 से 7 वर्ष की विंटेज स्थिति में सुधार किया है जिसके परिणामस्वरूप दिनांक 26.12. 2014 को क्रू परिवर्तन निविदा की समाप्ति पर पवन हंस ने ओएनजीसी को 3+1 डॉफिन एन3 हेलीकॉप्टरों का प्रस्ताव दिया है। ओएनजीसी द्वारा दिनांक 20.02.15 को खुली नीलामी राशि में आपकी कंपनी को समूह-1 (क्रू परिवर्तन) निविदा में तीन मध्यम हेलीकॉप्टर के लिए एल-1 मिला है। हम उड़ान योग्यता प्रमाणन के आधार पर वैश्विक कार्यप्रणाली के समान इस विंटेज खंड के लिए आगे की समीक्षा करने का प्रयास कर रहे हैं। बाजार में अपतटीय एएस-4 अर्हता प्राप्त पायलटों की अनुपलब्धता एक मुख्य मजबूरी है और अत: पायलटों को डीजीसीए द्वारा निर्धारित एफडीटीएल/एफटीएल की सीमाओं तक ही उपयोग किया जा रहा है।

निदेशक मंडल ने कर पश्चात शुद्ध लाभ रुपये 38.57 करोड़ के @20% की दर से अर्थात् 771.33 लाख के लाभांश की अनुशंसा की है (गत वर्ष में कर पश्चात् शुद्ध लाभ (जो रुपये 11.70 करोड़ है) के 20% की दर से अर्थात् रुपये 233.96 लाख था) लाभांश रुपये 245.616 करोड़ की संपूर्ण प्रदत्त पूंजी पर देय है और रुपये 154.22 लाख (गत वर्ष रुपये 39.76 लाख) के लाभांश पर कॉर्पोरट कर के लिए प्रावधान किए गए है। आगामी वर्षों में कंपनी प्राप्त लाभों से अधिकतम लाभांश राशि की अदायगी करने का प्रयास करेगी।

वित्तय वर्ष 2013-14 के ही समाप्ति के पश्चात निम्नलिखित प्रगति हुई है:-

(I). मार्च-मई 2014 में हुए लोकसभा के आम चुनाव के दौरान कंपनी ने 11 हेलीकाप्टरों की तैनाती करके लगभग 32.21 करोड़ के राजस्व तथा 23.14 करोड़ के वर्धिक राजस्व के साथ कुल 1200 घंटों की उड़ान भरी।

(II). कंपनी 01.08.2014 से 31.07.2015 तक की अवधि के लिए (हेलीकॉप्टर बेड़ा प्रचालन के लिए 1228 करोड़ रुपये का निश्चित मूल्य तथा 300 करोड़ रुपये की सूची मूल्य के योग पर) सर्वोत्तम प्रतियोगी दरों पर बीमा पाने में सफल रही। कंपनी ने यह बीमा 11,07,47,261 रुपये के कुल प्रीमियम में, जैसे विगत वर्ष के प्रीमियम पर 47 प्रतिशत, वार्षिक प्रीमियम

में अनुमानतः शुद्ध कमी (23,56,33,885 रुपए - 12,48,86,624 रुपए) के साथ प्राप्त किया है। कंपनी में उन्नत सुरक्षा मानक भी बीमा प्रीमियम दरों की कटौती में सहायक सिद्ध हुआ है।

(III). वित्तीय वर्ष 2013-14 में कुल 31,890 उड़ान घंटे तथा 529.59 करोड़ रुपये की प्रचालन लागत की तुलना में इस वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान कुल उड़ान घंटे 30,565 तथा 529.08 करोड़ रुपये की प्रचालन लागत संभावित है। इसी प्रकार, वित्तीय वर्ष 2013-14 में कर के बाद प्रचालन लाभ 43.29 करोड़ रुपये तथा निवल लाभ 73.03 करोड़ रुपये की तुलना में वित्तीय वर्ष 2014-15 के दौरान कर के बाद प्रचालन लाभ 71.11 करोड़ रुपये तथा निवल लाभ 43.29 करोड़ रुपये प्राप्त होने की संभावना है।

12वीं पंचवर्षीय योजना की अवधि (2012-17) के दौरान योजना आयोग द्वारा अनुमोदित आंकलनों के द्वारा पवन हंस से संबंधित अदद 10 हेलीकॉप्टरों तथा 2 सीप्लेन, उपकरणों का आयात, अनुरक्षण केंद्रों का सृजन/संयुक्त उपक्रम, भवन परियोजनाएं और अन्य इसके लिए आईईबीआर के माध्यम से रुपये 725 करोड की कुल राशि से अर्जन किया जाना है। इन आंकनों को अगस्त 2013 में 1189 करोड़ रुपये के लागत से 22 हेलीकॉप्टरों और 2 सीप्लेनों के अर्जन से बेड़े को बढ़ाने हेतु संशोधित किया गया है। संशोधित योजना को नागर विमानन मंत्रालय के समक्ष अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया गया है।

नई कारोबारी पहलों के लिए कंपनी अंडमान व निकोबार तथा पश्चिम बंगाल में सीप्लेन परिचालनों को प्रारंभ करने के लिए प्रयासरत है। उत्तर पूर्व और पूर्वी क्षेत्र में हेलीकॉप्टर सेवाओं के विस्तार को देखते हुए कंपनी ने गुवाहाटी मुख्यालय के साथ पूर्वी क्षेत्र का सृजन किया है। कंपनी ने एम्स, अपोलो अस्पताल और मेदांत के साथ हेलीकॉप्टर आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं को आरंभ करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है।

कंपनी ने रोहिणी, नई दिल्ली में हेलीपोर्ट के निर्माण की योजना को अंतिम रूप दे दिया है और रोहिण ी में मूलभूत हैलीपैड सुविधाओं का सृजन किया जा चुका है। पर्यावरण संबंधि मंजूरी एवं महायोजना और भवन के नक्शे डीजीसीए बीसीएस और एएआई से अनुमोदित किए गए है। वास्तुविद् सहपरियोजना प्रबंधन परामर्शदाता (एपीएसी) नियुक्त किये गये हैं और डीडीए ने दिनांक 22.01.2014 को परियोजना के लिए अनुमति दे दी है। 18.07.2014 को निर्माण के लिए संविदा प्रदान की गई है और कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त कंपनी ने हेलीकॉप्टर पायलट प्रशिक्षण संस्थान और पूणे ने हडस्पर पर हेलीपोर्ट के विकास का कार्य सौंपा गया है। पवन हंस ने निक्षेप कार्य आधार पर 10.40 करोड़ रुपये की लागत पर एनबीसीसी से योजना, अभिकल्पना और निर्माण कार्य पूर्ण कराया है और निर्माण कार्य 93 प्रतिशत तक पूरा कर दिया है। परियोजना लागत रुपये 11.30 करोड़ तक परिशोधित की गई है और एनबीसीसी से कार्य पूर्ण करने का निवेदन किया गया है।

पवन हंस ने ईकाओ / डीजीसीए के दिशानिर्देशों के अनुसार अपने प्रचालनों में संरक्ष प्रबंधन प्रणाली (एसमएस) क्रियान्वित करके संरक्षा पहल को आरंभ किया है और चार में से दो चरणों में एसएमएस को क्रियान्वित किया है। एक नया संरक्षा पर्यवेक्षण विभाग का सृजन किया गया है और कंपनी में एक स्वैच्छिक प्रतिवेदन प्रणाली तथा जोखिम प्रतिवेदन प्रणाली प्रवर्तित की गई है। हेलीकॉप्टर प्रचालनों का विश्लेषण और अनुवीक्षण करने हेतु कंपनी ने एफओक्यूए (उड़ान प्रचालन गुणवत्ता आश्वासन) आरंभ किया है। संरक्षण को मुख्य क्रियाकिलापों के रूप में सम्मिलित करने हेतु कंपनी की संरक्षा नीति को भी संशोधित किया गया है। कंपनी का दिल्ली स्थित प्रशिक्षण केन्द्र (एनआईएएसएस) राष्ट्रीय विमानन संरक्षा व सेवा संस्थान पायलटों और तकनीकी कर्मचारियों के कौशल स्तर एवं ज्ञान वृद्धि करने के लिए वचनबद्ध है।

पवन हंस को अपने समग्र परिचालन उत्कृष्टता एवं सतत् व्यावसायिक प्रदर्शन के लिए हाल ही में निम्न मंचों पर सम्मानित किया गया है:-

- न्यूज़ इंक लेजॅन्ड पीएसयू शाईनिंग अवॉर्ड-2013,
- आईआईआईइ द्वारा आयोजित सीईओ सम्मेलन में वर्ष 2012-13 हेतु ओवरऑल ऑर्गनाइजेशनल

इफेक्टिवनेश के लिए गोल्डन कैटेगॅरि अवॉर्ड

- सेवा क्षेत्र के तहत ई-गवर्नेंस द्वारा आयोजित पीएसयू सम्मेलन-2014 के दौरान 'परफॉर्मेंस-हाइऐस्ट टर्नअराउण्ड'

- इंस्टीटयूट ऑफ डायरेक्टर्स, नई दिल्ली द्वारा आयोजित वर्ष 2014 के लिए 'सस्टेनेबिलिटी के लिए गोल्डन पीकॉक अवॉर्ड'

- हेलीकॉप्टर ट्रांसपोर्ट सर्विस क्वालिफाइंग के लिए भारत की सर्वश्रेष्ठ परियोजना-2014 सतत में संतुलित व्यापार प्रदर्शन और मार्केट में नेतृत्व स्थान पाने के लिए स्कॉच रेनेसा अवॉर्ड और

- नाविमं के अंतर्गत इससे जुड़े सभी उपक्रमों में पवन हंस लिमिटेड को अपने सभी कार्यालयों में हिंदी को प्रोत्साहित करने के लिए सचिव, नागर विमानन मंत्रालय के द्वारा प्रथम पुरस्कार।

कंपनी ने डीपीई द्वारा जारी नैगमिक अभिशासन के दिशानिर्देशों को अंगीकार किया है और अवधि के दौरान औद्योगिक संबंध सौहार्दपूर्ण बने रहे तथा कर्मचारी प्रतिनिधि निकायों से नियमित बैठकें हुई।

भारत में हेलीकॉप्टर उद्योग के विकास में कंपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस उद्योग में विकास की व्यापक संभावना है।

प्रबंधन में अपना विश्वास जताने के लिए मैं इस अवसर पर आप सभी का धन्यवाद करता हूँ। कंपनी के प्रभावी प्रबंधन में मैं भारत सरकार, नागर विमानन मंत्रालय, नागर विमानन महानिदेशालय और इसके विभिन्न अभिकरणों के समर्थन और मार्गदर्शन के लिए कृतज्ञ हूँ। मैं गंभीरता पूर्वक ओएनजीसी, जीएआईएल, जीएसपीसी, एनटीपीसी, ऑयल इंडिया, ब्रिटिश गैस, गृह मंत्रालय, बीएसएफ और मेघालय, मिजोरम, अरूणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, असम उड़ीसा, अण्डमान व निकोबार द्वीप और लक्ष्यद्वीप की राज्य सरकारों को कंपनी के परिचालन में विश्वास जताने की सराहना करता हूँ और कंपनी की प्रगति में कर्मचारियों द्वारा प्रदान की गई सेवाओं की।

(डॉ. बी पी शर्मा)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

दिनांक : 19.03.2015

वित्तीय वर्ष 2013-2014 के लिए पवन हंस ने भारत सरकार तथा ओएनजीसी को रु. 7.71 करोड़ के लाभांश का भुगतान किया। डॉ॰ बी पी शर्मा द्वारा डॉ महेश शर्मा माननीय राज्य मंत्री नागर विमानन की उपस्थिति में माननीय नागर विमानन मंत्री श्री अशोक गजपति राजू पुष्पति को चेक सौंपा गया।

निदेशकों की रिपोर्ट

शेयरधारकों,

सज्जनों,

आपके निदेशकों को दिनांक 31 मार्च, 2014 को समाप्त वर्ष की, पवन हंस लिमिटेड (14.01.2013 के प्रभाव से पवन हंस हेलीकॉप्टर लिमिटेड से परिवर्तित नाम) की 29वीं वार्षिक रिपोर्ट और लेखा परीक्षित लेखे तथा भारत के नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अति प्रसन्नता हो रही है।

I. परिचालन

(क) परिचालनात्मक परिणाम

कंपनी संस्थागत ग्राहकों मुख्यत: तेल उद्योग और सरकारी क्षेत्र के साथ दीर्घावधि अनुबंध सुनिश्चित रखने में सफल रही है। हेलीकॉप्टरों के राजस्व घंटे और औसत मासिक डिप्लॉयमेन्ट निम्नवत हैं:-





31.03.2014 को समाप्त वर्ष के दौरान 46 हेलीकॉप्टरों के बेड़े में से औसतन मासिक तैनाती 32 हेलीकॉप्टर का था। (1 डॉफिन एन 3 जो दिनांक 28.06.2013 को हरसिल में हैवी लैडिंग के कारण गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुआ और अक्टूबर 2014 से सेवाप्रयोज्य हुआ। विगत वर्ष में बेड़े की सेवाप्रयोज्यता औसत 83% की तुलना में वर्ष के दौरान 77% थी। विगत वर्ष के दौरान कुल उड़ान घंटे 31,683 की तुलना में कुल उड़ान घंटे 31,890 थे।

(ख) बेड़ों की विवरण/रूपरेखा

31.03.2014 को कंपनी के प्रचालन बेड़े का विवरण/रूपरेखा निम्नवत है:-

हेलीकॉप्टर का प्रकार	हेलीकॉप्टरों की संख्या	औसत आयु (वर्ष)
डॉफिन एसए 365 एन	18	29
डॉफिन एएस 365 एन3	17	9
बेल 407	3	9
बेल-206 एल 4	3	17
एएस 350 बी 3	2	3
एमआई 172	3	5
कुल	**46**	

दिनांक 31.03.2014 के अनुसार कंपनी ने सीमा सुरक्षा बल (एमएचए) के स्वामित्व के 06 ध्रुव हेलीकॉप्टरों के लिए एचएएल के साथ प्रचालन एवं अनुरक्षण का अनुबंध किया है। ध्रुव हेलीकॉप्टरों का उपयोग सीमा सुरक्षा बल द्वारा नक्सल विरोधी गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। कंपनी ने मेसर्स एचएएल के प्रचालन एवं अनुरक्षण के साथ भी अदद 01 ध्रुव हेलीकॉप्टर की भी अनुबंध की थी। कंपनी ने एक डॉफिन एन हेलीकॉप्टर को महाराष्ट्र और ओडिसा सरकार प्रत्येक को महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में नक्सल विरोधी गतिविधियों के लिए उपलब्ध कराया है।

डॉफिन एन 3 हेलीकॉप्टर ओएनजीसी-ऑफ शोर पर उड़ता हुआ

(ग) बेड़े की तैनाती

पवन हंस ओएनजीसी के मुम्बई में स्थित अपतटीय प्लेटफार्मों के ड्रिलिंग रिंगों पर कर्मचारियों और आवश्यक साम्रगी को पहुँचाने के लिए अहर्निश हेलीकॉप्टर सेवाएं उपलब्ध कराती आई है। पवन हंस मेन लैंड मुम्बई से 130 ना टि. मील त्रिज्या के अंदर ओएनजीसी के रिगों (मुख्य प्लेटफॉर्म तथा ड्रिलिंग रिगों) और उत्पादन प्लेटफार्मों (कुओं) में परिचालन करता है। ओएनजीसी की अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा बोली के तहत 5 वर्ष विटेंज वाले अदद 7 डॉफिन एन 3 हेलीकॉप्टरें को उत्पादन कार्य अनुबंध हेतु उपलब्ध कराने की निविदा पवन हंस को प्रदान की गई है। दिनांक 31.03.2014 की स्थिति के अनुसार 10 डॉफिन हेलीकॉप्टर एन 3 हेलीकॉप्टर ओएनजीसी के पास उसके अपतटीय कार्य के निए अनुबंधित हैं जिनमें से 02 डॉफिन हेलीकॉप्टर हर समय आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए नाईट एम्बुलेन्स के अतिरिक्त मुख्य प्लेटफार्म पर तैनात रहते हैं।

कंपनी अनेक राज्य सरकारों मुख्यत: मेघालय, मिजोरम, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, सिक्किम, उड़ीसा, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, गृह मंत्रालय, अंडमान निकोबार द्वीप और लक्ष्यद्वीप प्रशासन को हेलीकॉप्टर सेवाएं उपलब्ध कराती है। कंपनी एनटीपीसी और जीएआइएल, जीएसपीसी, ब्रिटिश गैस एक्सपलोरेशन (बीजी) आदि को भी हेलीकॉप्टर सेवाएं उपलब्ध कराती है।

कंपनी ने वर्ष के दौरान अतिरिक्त 4थे डॉफिन हेलीकाप्टर को अंडमान और निकोबार द्वीप के प्रशासन और एक एमआई-172 हेलीकॉप्टर को अरुणाचल प्रदेश की सरकार को तैनात किया था।

कंपनी को प्रतिस्पर्धी दशाओं में अप्रैल 2008 से मार्च 2011 और पुन: अप्रैल 2011 से मार्च 2014 में माता वैष्णों देवी श्राइन बोर्ड द्वारा कटरा से सांझी छत के लिए हेलीकॉप्टर परिचालन सेवाओं के लिए अनुबंध प्राप्त हुआ था। पवन हंस प्रति वर्ष मई-जून एवं सितम्बर

अक्टूबर की नियतावधि के दौरान फाटा से श्री केदारनाथ के पवित्र धाम के लिए हेलीकॉप्टर सेवाओं का प्रचालन कराती है। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा पवन हंस को वर्ष 2012 व 2013 के लिए श्री अमरनाथ यात्रा के लिए भी पहलग्राम-पंजतरणी सेक्टर हेतु हेलीकॉप्टर सेवा प्रदान करने की संविदा प्रदान की गई है और सीजन के दौरान जून-अगस्त 2012 व 2013 के दौरान सेवाएँ प्रदान की गई है। आगे, कंपनी को पुनः श्री अमरनाथ यात्रा के लिए सोनमर्ग-पंजतरणी सेक्टर में अनुबंध प्राप्त हुआ और 2 बेल 407/एएस 350 बी 3 हेलीकॉप्टरों के साथ जून-अगस्त 2014 से प्रचालित हुई।

(घ) नए बेड़े के अर्जन हेतु निधियन

ओएनजीसी ने 7 अदद डॉफिन एन 3 हेलीकॉप्टरों की लागत के 80% के रूप में 261 करोड रुपए के ऋण निधियन किया है। तत्पश्चात् ओएनजीसी ने इस ऋण की राशि के अंश को (95.85 करोड़ रुपए) कंपनी में प्रदत्त पूंजी के रूप में परिवर्तित कराया है। 10 वर्षों की दीर्घावधि चार्टर लीज पर एक डॉफिन एन3 हेलीकॉप्टर हेतु एनटीपीसी ने 52 करोड़ रुपए का निधियन किया है। कंपनी ने 2 डॉफिन एन 3 के 80% लागत के वित्तीय हेतु 90.82 करोड़ रुपए मियादी ऋण एक्जिम बैंक से लिया है, और 2 एमआई 172 हेलीकॉप्टरों के लिए 80% लागत 95.18 (लगभग) करोड़ रुपए का मियादी ऋण विजया बैंक से लिया है, जिसकी अवधि 10 वर्ष की होगी। कंपनी की कार्यात्मक पूंजी की अपेक्षाओं के लिए विजया बैंक से 40 करोड़ रुपए की निधि आधारित सीमा की संस्वीकृति भी मिली है। कंपनी को इंडिया रेटिंग से मियादी ऋण पर इंड ए (स्थिर) श्रेणी मिली है जिसे हाल ही में समुन्नत कर इंड ए + (स्थिर) किया गया है।

31.03.2014 की स्थिति के अनुसार दीर्घावधि उधार रुपए 171.04 करोड़ (विगत वर्ष में रुपए 274.69 करोड़) था। कंपनी ने विजया बैंक और एक्जिम बैंक से लिया संपूर्ण अवधि ऋण चुका दिया है। वर्तमान में बकाया ऋण रुपए 83.82 करोड़, ओएनजीसी रुपए 42.90 करोड़ और एनटीपीसी 40.92 करोड़ है।

(ङ) दिल्ली तथा निकटवर्ती क्षेत्रों में हेलीपोर्ट/ हैलीपैड:- दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा जून 2009 में हेलीपोर्ट के निर्माण हेतु नागर विमानन मंत्रालय के नाम से रोहिणी, नई दिल्ली में 25 एकड़ भूमि का आबंटन किया है। पवन हंस ने भूमि पर अधिकार ले लिया और 64 करोड़ रुपए परियोजना लागत पर रोहिणी हेलीपोर्ट का विकास कार्य पवन हंस को सौंपा गया है, जिसमें सरकार भूमि लागत और विकास कार्य की लागत का 80% निधियन करेगी। नागर विमानन मंत्रालय ने दिनांक 31.08.2010 को अनुदान के रूप में भूमि की लगात हेतु रुपए 19.07 करोड़ का योगदान दिया है इसके अतिरिक्त रोहिणी हेलीपोर्ट परियोजना लागत रुपए 64 करोड़ में से 36 करोड़ रुपए का इक्विटी केपिटल का अंशदान दिया है। कंपनी ने राष्ट्रमंडल खेल 2010 के लिए रोहिण ी में बुनियादी हैलीपैड सुविधाओं का सृजन किया गया है। पर्यावरण संबंधि मंजूरी और (मास्टर प्लान) और भवन के नक्शे डीजीसीसी बीसीएएस और एएआई से अनुमोदित किए गए हैं। वास्तुविद् सह परियोजना प्रबंधन परामर्शदाता (एपीएमसी) नियुक्त किए गए और डीडीए ने 22.01.2014 को परियोजना के लिए अनुमति दे दी है। 18.07.2014 को निर्माण के लिए संविदा प्रदान की गई है। अक्टूबर, 2014 के अंत में निर्माण कार्य प्रारम्भ हुआ है।

(च) हडस्पर, पुणे में प्रशिक्षण अकादमी तथा हेलीपोर्ट पवन हंस को डीजीसीए के स्वामित्व वाले, पुणे स्थित वर्तमान ग्लाइडिंग सेन्टर में हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण अकादमी सह हेलीपोर्ट के विकास का कार्य सौंपा गया। नागर विमानन मंत्रालय द्वारा परियोजना का अनुमोदन दे दिया गया है और डीजीसीए ने इस उद्देश्य हेतु जीबीएस के रूप में 10 करोड़ जारी किए हैं। पवन हंस ने डीजीसीए के साथ दिनांक 17 मई 2010 को

एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया था तथा डीजीसीए की ओर से पवन हंस ग्लाईडिंग सेंटर की भूमि तथा अन्य संरचनात्मक सुविधाओं का उपयोग करेगी। पवन हंस ने निक्षेप कार्य आधार पर ₹10.40 करोड़ की लागत से एनबीसीसी ने योजना, अभिकल्पना और निर्माण कार्य पूर्ण कराए हैं। परियोजना लागत ₹11.30 करोड़ तक परिशोधित किए गए और एनबीसीसी से शेष कार्य पूर्ण करने का निवेदन किया गया है।

(छ) इक्विटी पूंजी

दिनांक 03.12.2010 को कंपनी की प्राधिकृत पूंजी ₹ 120 करोड़ से बढ़ाकर ₹ 250 करोड की गई। कंपनी की प्रदत्त पूंजी भी बढ़कर ₹ 245.616 करोड़ हुई, जिसमें ₹ 125.266 करोड़ भारत सरकार के राष्ट्रपति के नाम पर है (पूर्व में ₹ 89.266 करोड़) तथा 14.02.2011 के शेयर आबंटन के बाद ₹ 120.35 करोड़ ओएनजीसी लिमिटेड के नाम है (पूर्व में ₹ 24. 50 करोड़)। तदनुसार कंपनी में भारत सरकार और ओएनजीसी का शेयर क्रमशः 78.46% तथा 21.54% से परिवर्तित होकर क्रमशः 51% तथा 49% हो गया है।

(ज) वित्तीय वर्ष 2013-14 की समाप्ति के पश्चात् हुई प्रगतिः-

वित्तीय वर्ष 2013-14 की समाप्ति के पश्चात् निम्नांकित प्रगति हुई है:-

(i) मार्च-मई 2014 में हुए लोकसभा के आमचुनावों के दौरान कंपनी ने 11 हेलीकॉप्टरों को तैनात करके लगभग ₹ 32.21 करोड़ के राजस्व तथा ₹ 23.14 करोड़ के अनुमानित वृद्धिशील राजस्व के साथ कुल 1200 घंटों की उड़ान भरी।

(ii) कंपनी 01.08.2014 से 31.07.2015 तक की अवधि के लिए हेलीकॉप्टरों के बेड़ा प्रचालन के लिए ₹ 1228 करोड़ का निश्चित आश्वासित मूल्य तथा रुपए 300 करोड़ के सूची मूल्य योग पर सर्वोत्तम प्रतियोगी दरों पर बीमा पाने में सफल रही। कंपनी ने यह बीमा ₹ 11,07,47,261/- के कुल प्रीमियम में, जैसे विगत वर्ष के प्रीमियम पर 47%, वार्षिक प्रीमियम में अनुमानतः शुद्ध कमी (₹23,56,33,885 - ₹12,48,86,624) के साथ प्राप्त किया। कंपनी में उन्नत सुरक्षा मानक भी बीमा प्रीमियम दरों की कटौती में सहायक सिद्ध हुआ है।

(iii) वित्तीय अनियमितता/कवारती में हुए गबन में पवन हंस के बैंक खाते से ₹ 1.29 करोड़ की नकदी के आहारण का पता चला था, इस माामले में सीबीआई को दिनांक 8.8.2014 को सूचित किया गया और आगे की जाँच पड़ताल जारी हैं।

II. वित्त

(क) वित्तीय परिणाम

वित्तय वर्ष 2012-13 तथा 2013-14 के वित्तीय निष्पादन का पूरा विवरण निम्नवत है:-

₹ करोड़ में

विवरण	2012-13	2013-14
(I) प्रचालन राजस्व		
– प्रचालन से राजस्व	456.43	516.26
– आकस्मिक राजस्व	8.82	13.33
योग (1)	465.25	529.59
(II) प्रचलन व्यय		
– प्रचालन व्यय	351.82	376.85
– मूल्यह्रास	73.79	79.71
योग (2)	425.61	456.56
(III) शुद्ध प्रचालन लाभ (I-II)	39.64	73.03
(IV) ब्याज आय उधारों पर प्रभारित ब्याज घटाकर	10.39 (28.51)	11.92 (31.81)
(V) पूर्वावधि/असाधारण समायोजन	6.42	8.10
(VI) कर पूर्व लाभ	27.94	61.24
(VII) कर/आस्थगित कर देयता	16.24	22.67
(VIII) कर के पश्चात् शुद्ध लाभ (हानि)	11.70	38.57

विगत वर्ष की तुलना में वित्त वर्ष 2013-14 के दौरान हेलीकॉप्टरों के अधिकतम परिनियोजन विशिष्टत: एमआई-172 हेलीकॉप्टर के कारण निष्पादन में सुधार हुआ है और उच्च राजस्व दर पर हेलीकॉप्टर सेवा के लिए दीर्घकालिक अनुबंध प्राप्त किया जिसके परिणामस्वरूप प्रचालन राजस्व में वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त उपरिव्यय, परिवहन व्यय, बीमा लागत तथा कारोबार संवर्धन व्यय पर नियंत्रण करने के कारण परिचालन लाभ में 39.64 करोड़ से बढ़कर 73.03 करोड़ हुई है। कंपनी की आरक्षतियां और अधिशेष 268.22 (गत वर्ष ₹ 238.91 करोड़) थे।

प्रचालन राजस्व



वित्तीय वर्ष

प्रचालन राजस्व



वित्तीय वर्ष

कंपनी का लगभग 85% प्रचालन राजस्व प्रतिस्पर्धी निविदाओं के माध्यम से संविदाओं से अर्जित होता है। ओएनजीसी ने हाल ही में क्रू परिवर्तन निविदा के साथ 5 से 7 वर्ष की विटेज स्थिति में सुधार किया है जिसके परिणामस्वरूप 26.12.2014 क्रू परिवर्तन निविदा की समाप्ति पर कंपनी ने ओएनजीसी को 3 से 4 डॉफिन एन 3 हेलीकॉप्टरों का सक्षम प्रस्ताव रखा है। बाजार में अपतटीय एएस-। अर्हता प्राप्त पायलटों की अनुपलब्धता भी एक मुख्य मजबूरी है अत: अनुभवी के साथ नए पायलटों को नियुक्त करने के लिए नियमित प्रवेश साक्षात्कार संचालित किए जा रहा हैं।

(ख) लाभांश

निदेशक मंडल ने कर पश्चात शुद्ध लाभ रुपये 38.57 करोड़ के @20% की दर से अर्थात् 771.33 लाख के लाभांश की अनुशंसा की है (गत वर्ष में कर पश्चात् शुद्ध लाभ (जो रुपये 11.70 करोड़ है) के 20% की दर से अर्थात् रुपये 233.96 लाख था) लाभांश रुपये 245.616 करोड़ की संपूर्ण प्रदत्त पूंजी पर देय है और रुपये 154.22 लाख (गत वर्ष रुपये 39.76 लाख) के लाभांश पर कॉर्पोरट कर के लिए प्रावधान किए गए है। आगामी वर्षों में कंपनी प्राप्त लाभों से अधिकतम लाभांश राशि की अदायगी करने का प्रयास करेगी।

(ङ) भारत सरकार की देयताएं

भारत सरकार के लंबित दावे के मुद्दे के संबंध में नागर विमानन मंत्रालय ने दिसंबर, 2007 में वित्त मंत्रालय को एक परिशोधित प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिसमें वित्त मंत्रालय से सरकार द्वारा कंपनी से दावाकृत कुल राशि ₹ 470.22 करोड़ (मूल राशि ₹ 130.91 करोड़ तथा 31.03.2001 तक का ब्याज ₹ 339.31 करोड़) का अधित्याग करने पर पुनर्विचार करने हेतु कहा गया है ताकि मौजूद निधि का उपयोग बेड़े के वर्धन तथा अन्य पूंजीगत परिव्यय कार्यक्रम हेतु किया जा सके, जो नागर विमानन क्षेत्र में भारत में विद्यमान प्रतिस्पर्धात्मक परिदृश्य में कंपनी का अस्तित्व बनाए रखने हेतु अपरिहार्य है। वित्त मंत्रालय इस प्रस्ताव से सहमत नहीं है तथा कंपनी की दावाकृत राशि को सरकारी कोष में जमा करने हेतु कहा गया है। कंपनी के

डॉफिन एन 3 हेलीकॉप्टर गुवाहाटी में

निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 21/08/2008 को आयोजित 115 वीं बैठक में निर्णय लिया गया है कि वित्त मंत्रालय के दावे का पूर्ण अधित्याग करने हेतु नागर विमानन मंत्रालय पैरवी करे और एक वित्त सलाहकार नियुक्त किया जाए, जो अन्य मुद्दों सहित इसकी जाँच करें। वित्त सलाहकार ने कंपनी के मूल्यांकन में भारत सरकार के दावे के प्रभाव पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी तथा समान विकल्पों की संस्तुति की है। रिपोर्ट के अनुसार कंपनी के लिए वित्त मंत्रालय के दावे का भुगतान व्यवहार्य विकल्प नहीं है। निदेशक मंडल के निर्णय के अनुसार कंपनी ने नागर विमानन मंत्रालय के सचिवों की समिति को भारत सरकार द्वारा दावाकृत ₹ 470 करोड़ का अधित्याग करने हेतु जनवरी 2009 में मसौदा टिप्पणी प्रस्तुत की है।

वित्त मंत्रालय के दावे के निपटान के संबंध में दिनांक 29.04.2012 को वित्त मंत्रालय के साथ हुई बैठक के परिणामस्वरूप यह निर्णय लिया गया कि विद्यमान प्रतियोगी परिस्थितियों और निविदाओं के अंतर्गत ओएनजीसी को 5 वर्ष पुराने हेलीकॉप्टरों की आवश्यकता और किस प्रकार वित्त मंत्रालय के ₹470.22 करोड़ का दावा कंपनी के सर्वांगीण विकास में अवरोध उत्पन्न करेगा को ध्यान में रखकर बारहवीं पंच वर्षीय योजना अवधि (2012-17) के लिए कंपनी की कारोबारी योजना तैयार की जाए। बोर्ड के अनुमोदन के पश्चात् एसबीआई केपिटल मार्केट सर्विसेज लिमिटेड की रिपोर्ट दिनांक 02.07.2012 को वित्त मंत्रालय को प्रस्तुत करने हेतु नागर विमानन मंत्रालय को सौंपा गया। मामले पर चर्चा के लिए वित्त मंत्रालय द्वारा 07 अगस्त, 2013 को एक बैठक बुलाई गई। मामला नागर विमानन मंत्रालय और वित्त मंत्रालय के मध्य विचाराधीन है। कंपनी ने अनुसूची-VI के तहत भारत सरकार की देयता को गैर चालू देयता माना है।

कंपनी द्वारा 31.03.2001 तक ₹ 339.31 करोड़ का प्रावधान बनाया गया था वर्ष 1999-2000, 2000-01 और 2002-03 के दौरान वित्त

मंत्रालय द्वारा दावाकृत ब्याज तथा अन्य प्रभारों को अग्रेनीत किया गया है।

(घ) **नागर विमानन मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन:**

पवन हंस प्रतिवर्ष नागर विमानन मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन लोक उपक्रम विभाग की बैठक में कार्य दल के साथ समझौता वार्ता के उपरांत समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करता है। पवन हंस द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर वर्ष 2013-14 के लिए पवन हंस को "अति उत्तम" एमओयू रेटिंग प्रदान की गई है।

III. **अभियांत्रिकी/अनुरक्षण क्रियाकलाप:**

कंपनी ने अपने हेलीकॉप्टर बेड़े के अनुरक्षण के लिए डीजीसीए के अनुमोदन से दिल्ली और मुम्बई में अत्याधुनिक अनुरक्षण सुविधाओं की स्थापना की है। हेलीकॉप्टरों की गहन अनुरक्षण जाँच की जाती है तथा आंतरिक सुविधाओं सहित व्यापक कार्यशाला जाँच की सुविधाएँ भी उपलब्ध है। डॉफिन हेलीकॉप्टरों के मेजर 'जी' निरीक्षण के लिए बिना विदेशी सहायता के पूर्ण स्वदेशी आंतरिक सुविधाओं से अनुरक्षण क्षमता को उन्नत किया गया जिससे मरम्मत/निरीक्षण लागत में कमी आई है और विदेशी मरम्मत/निरीक्षण लागत में कमी आई है और विदेशी मुद्रा की बचत हुई है। समीक्षाधीन वर्ष के दौरान मुम्बई में अनुरक्षण सुविधाओं के अनुमोदन पर डॉफिन एन 3 हेलीकॉप्टरों का 'जी' निरीक्षण करने हेतु विस्तार (6000 घंटे एअरफ्रेम ओवरहॉल) किया गया है। कंपनी ने अपने संसाधनों द्वारा टी/2टी/5टी (600 घंटे/1200 घंटे/3000 घंटे) सहित कुल 32 निरीक्षण और डॉफिन हेलीकॉप्टरों पर 2 'जी' निरीक्षण (5400 घंटे) सम्पन्न किया है।

वर्कशाप सुविधाओं में संवर्धन कार्य एक निरंतर प्रक्रिया है तथा प्रत्येक संवर्धन कार्य एक मील का पत्थर है। वर्ष के दौरान डॉफिन एन 3 हेलीकॉप्टरों के 'जी' निरीक्षण सुविधाओं के संवर्धन के अलावा डॉफिन एन 3 हेलीकाप्टरों के

नागर विमानन मंत्रालय के सचिव का पवन हंस के वरिष्ठ प्रबंधकों के साथ चर्चा सत्र

पवन हंस लिमिटेड की 29वीं वार्षिक सामान्य बैठक

औजारों के बैंच चैक हेतु वर्कशॉप सुविधाओं में वृद्धि की गई है। वर्ष के दौरान बेसों में भी बेल हेलीकॉप्टरों का महत्वपूर्ण अनुरक्षण निरीक्षण तथा मुख्य पूर्जों के बदलने का कार्य चलता रहता है।

IV. सामग्री प्रबंधन

अचल इन्वेंट्री के बेहतर नियंत्रण हेतु सामग्री प्रबंधन निर्देश जारी कर दिए गए थे। अभियांत्रिकी तथा सामग्री विभाग द्वारा संयुक्त समीक्षा के आधार पर इन्वेंट्री खरीदने की मात्रा को निर्धारित किया गया तथा स्पेयर्स को पूर्व मांग के आधार पर मंगवाया गया था। सामग्री प्रबंधन प्रक्रिया को इंटीग्रेटेड सुगठित कम्प्यूटरीकरण के माध्यम से ऑन लाईन किया गया है। मांग और आपूर्ति की प्रक्रिया प्रभावी हो गई है और आँकड़े पारदर्शी हो गए है तथा सभी क्षेत्रों और बेसों में उपयोगकर्ताओं के लिए उपलब्ध है। यथा समय सतर्कता संकेतों के माध्यम से आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन की क्षमता में वृद्धि हुई है। वर्ष के दौरान ई-प्रापण प्रणाली भी प्रारंभ की गई।

V सूचना प्रणाली व प्रोद्यौगिकी योजना:

परिचालन, अभियांत्रिकी, सामग्री एवं वित्त जैसे महत्वपूर्ण कार्य क्षेत्र में सूचना प्रणाली व प्रोद्यौगिकी योजना के क्रियान्वयन हेतु मेसर्स टाटा कन्सलाटेन्सी सर्विसेज लिमिटेड के द्वारा बनाए गए इंटीग्रेटेड सॉफ्टवेयर से कुशलता, सामर्थ्य और ग्राहक संतुष्टि में वृद्धि हुई है। नोएडा, सफदरजंग एयरपोर्ट तथा मुम्बई के कार्यालयों के लिए एलएएन/डब्ल्यूएएम एकीकृत संरचना को क्रियान्वित किया गया है। कॉरपोरेट कार्यालय, क्षेत्रीय तथा डिटैचमेंन्टों हेतु एकीकृत वाक् संप्रेषण प्रणाली का कार्य क्रियान्वित किया गया है। कंपनी ने केदारनाथ जी और अमरनाथ जी के लिए यात्री सेवा प्रचालनों हेतु ई-टिकटिंग प्रणाली आरंभ की है। कंपनी की नई वेबसाइट http:pawanhans.co.in नियमित आधार पर अद्यतित की गई। कंपनी में हाल ही में ई-ऑफिस प्रणाली को लागू किया है।

VI. मानव संसाधन विकास

(क) <u>श्रमशक्ति</u>

31 मार्च 2013 को नियमित तथा अनुबंधित कर्मचारियों की संख्या 924 थी, जबकि 31 मार्च, 2014 को कर्मचारियों की संख्या 899 हो गई।

(ख) <u>ओद्यौगिक संबंध</u>

अवधि के दौरान ओद्यौगिक संबंध सद्भावपूर्ण रहे तथा कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ नियमित बैठकें आयोजित की गई। कर्मचारियों से संबंधित मुद्दे विचार-विमर्श के माध्यम से सुलझाये गए। यद्यपि दिनांक 01.01.2007 से प्रभावी नए वेतनमानों और भत्तों को भी समस्त अधिकारियों, अभियंताओं, और पायलटों के लिए लागू किया गया अभियन्ताओं और पायलटों ने लाइसेंस से संबंधित भत्तों की माँग उठाई और ये मुद्दे अभी विचाराधीन हैं।

(ग) <u>प्रशिक्षण</u>

समस्त कर्मचारियों यथा-अधिकारियों, पायलटों, इंजीनियरों, तकनीशियनों और सहायक स्टॉफ के लिए प्रशिक्षण को उच्च प्राथमिकता दी गई है। प्रबंधकीय निपुणता के विभिन्न विषयों पर नियमित रूप से व्याख्यान आयोजित किए गए। कंपनी द्वारा कर्मचारियों को विशिष्ट प्रशिक्षण कार्यक्रमों में आंतरिक प्रशिक्षणों में नामित किया जाता है। नियमित आधार पर पायलटों, इंजीनियरों, तकनीशियनों के लिए विभिन्न पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों के लिए विमानन प्रशिक्षण विद्यालय की सुविधाओं का उपयोग किया जाता है। कंपनी ने सितंबर, 2009 में मुम्बई में डीजीसीए द्वारा अनुमोदित हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की है, जहाँ एएमई लाइसेंस अर्जन हेतु बेसिक एयरक्राफ्ट अनुरक्षण इंजीनियरिंग लाइसेंस आरंभिक पाठ्यक्रम प्रदान करवाया जाता है।

पवन हंस क्रू के प्रशिक्षण और आपातस्थितियों से निपटने के लिए पाइलटों को सक्षम बनाने वाली प्रशिक्षण कार्यप्रणाली पर विशेष बल दे रहा है। सभी क्रू को सिमुलेटर प्रशिक्षण भी सुनिश्चित किया जा रहा है जिसमें सभी प्रकार की विकट आपातस्थितियां सम्मिलित है ताकि पायलट उड़ान

मुंबई के जुहू एयरोड्रम पर अपतटीय प्रचालन के लिए तैयार डॉफिन हेलीकॉप्टर का बेड़ा

पद्मभूषण डॉ शिवाथ्नू पिल्ल्ई द्वारा पवन हंस को समग्र सांगठनिक प्रभाविता और विभिन्न कारोबारी पहलों के लिए परिचालनगत उत्कृष्टता पुरस्कार

के समय इन आपात स्थितियों को नियंत्रित करने के लिए बेहतर ढंग से तैयार रहें। कंपनी द्वारा पिछले वर्ष में मेसर्स हैटसॉफ, बैंगलोर में 43 पायलटों का सिमुलेटर प्रशिक्षण करवाया गया है। अधिक संख्या में पायलटों तथा इंजीनियरों की सेवानिवृत्ति / त्यागपत्र को ध्यान में रखकर बढ़ते हुए बेड़े की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए अनुभवी और युवा पायलटों की नियुक्ति और उनके प्रशिक्षण की कार्रवाई की जा रही है।

पवन हंस में जानकारी बढ़ाने वाली बैठकों का आयोजन भी प्रारंभ किया गया है जहाँ पायलटों को इंजीनियर और तकनीशियनों के साथ पेशेवर विषयों पर कक्षा व्याख्यान और परस्पर संवादात्मक सत्रों के माध्यम से पुनश्चर्या प्रशिक्षण दिया जाता है। इन गुणात्मक कदमों की शुरूआत पायलट और अनुरक्षण कार्मिकों दोनों के पेशेवर और कौशल क्षमता को बढ़ाने के लिए की गई तथा इससे उड़ान सुरक्षा अभियान में वृद्धि होगी।

VIII. संरक्षा उपाय

पवन हंस ने दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति से बचने के लिए परिचालन और अनुरक्षण प्रणाली को उन्नत करने संबंधी संरक्षा पहल की है। पवन हंस ने आईसीएओ/डीजीसीए के दिशानिर्देशों के अनुसार अपने प्रचालनों में सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली (एसएमएस) क्रियान्वित करके संरक्षा पहल आरंभ की है और चार में से दो चरणों में एसएमएस क्रियान्वित किया है। एक नये पर्यवेक्षण विभाग का सृजन किया है और कंपनी में एक स्वैच्छिक प्रतिवेदन प्रणाली तथा जोखिम प्रतिवेदन प्रणाली को परिवर्तित किया है। हेलीकॉप्टर प्रचालनों का विलेषण और अनुवीक्षण करने हेतु कंपनी ने एफओक्यूए (फ्लाइट प्रचालन गुणवत्ता आश्वासन) समाविष्ट/आरंभ किया है। संरक्षा को केन्द्रीय/कोर क्रियाकलाप के रूप में सम्मिलित करने हेतु कंपनी ने संरक्षा नीति पुनरीक्षित की है। प्रबंधन प्रणाली और सुरक्षा जागरूकता के लिए कंपनी ने जून, 2010 में दिल्ली में विमानन सुरक्षा व सेवा संस्थान स्थापित किया है। संस्थान ने विमानन संरक्षा पाठ्यक्रम चलाना शुरू कर दिया है तथा अन्य नए ग्राहकों, नए प्रचालकों को परामर्श सेवाएँ प्रदान करने के साथ विभिन्न हैलीपैड/हैलीपोर्ट/ अपतटीय संस्थापनों को परामर्श सेवाएँ उपलब्ध कराएगी।

पीएचएल द्वारा उपक्रमित अनेक सुरक्षा पहलों का कार्यान्वयन पहले ही किया जा चुका है और पीएचएल के सभी परिचालन बेसों का व्यापक आंतरिक लेखा परीक्षण पीएचएल टीम द्वारा किया जा रहा है। सभी डिटैचमेंटों पर आवाधिक सुरक्षा बैठके आयोजित की जाती हैं जिसमें सभी सुरक्षा मुद्दों पर विस्तार से तर्क वितर्क किया जाता है और जब कभी आवश्यक हो कार्रवाई की जाती हैं। पीएचएल ने सूचित किया है संगठन में सुरक्षा तैयारियों की भावना और सुरक्षा संस्कृति में काफी सुधार हुआ है यद्यपि यह प्रक्रिया निरंतर है और अब पीएचएल की कारोबारी नीति का हिस्सा है। सुरक्षा पहलों और निगरानी तंत्र का कार्यान्वयन किया जा रहा है। उक्त उद्देश्यों को पूरा करने के लिए एमओई उल्लिखित सुरक्षा लेखा परीक्षणों का सख्ती से अनुपालन किया जा रहा है। संगठनात्मक प्रक्रियाओं का गुणवत्ता लेखा परीक्षण, एयरक्राफ्ट का गुणवत्ता लेखा परीक्षण और सी.ए.आर. 145-ए-30-सी के अनुसार उपचारात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। क्षेत्रों में सभी अभियांत्रिकी विभागों के प्रमुखों, गुणवत्ता प्रबंधक, बेसों/डिटैचमेंट में अनुरक्षण कार्मिकों को उपयुक्त सी.ए.आर के आधार पर तुरंत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जिम्मेदार प्रबंधक को भी उसके अनुवर्ती उपचारात्मक कार्रवाई के लिए सूचित किया गया है।

ऊर्जा संरक्षण और प्रोद्यौगिकी अवशोषण

कंपनी द्वारा निष्पादित गतिविधियों की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए कंपनी नियम 1988 के नियम 2 (क) और 2 (ख) (निदेशक मंडल की रिपोर्ट में विशेष प्रकटीकरण)से संबंधित ऊर्जा संरक्षण और प्रोद्योगिकी अवशोषण कंपनी पर लागू नहीं होता।

विदेशी मुद्रा अर्जन और व्यय

वर्ष 2013-14 के दौरान कंपनी ने विदेशी मुद्रा में ₹ 112.87 करोड़ (विगत वर्ष में ₹ 96.89 करोड़) का अर्जन किया है। विदेशी मुद्रा व्यय राशि ₹ 97.02 करोड़ (विगत वर्ष ₹ 21.61 करोड़) है।

माननीय केंद्रीय शहरी विकास मंत्री श्री एम वेंकैया नायडू द्वारा पवन हंस को इसके सतत व संतुलित कारोबारी प्रदर्शन और हेलीकॉप्टर उद्योग में अग्रणी बाजार स्थिति हासिल करते हेतु स्कोच रेनेंसा पुरस्कार 2014 प्रदान किया गया।

IX. निदेशक मंडल

वर्ष 2013-14 के दौरान निदेशक मंडल की चार बैठकें हुई। वर्तमान तथा वित्त वर्ष 2013-14 के दौरान मंडल में निम्नांकित सदस्य हैं:-

वर्तमान

डॉ बी. पी. शर्मा	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (09.03.2015 से)
श्रीमती मणि सथियावथी	एएस व वित्तीय सलाहकार ना.वि.मं. (04.04.2014 से 30.12.2014 तथा डीजीसीए (30.12.2014 से)
श्री जी. असोक कुमार	संयुक्त सचिव ना. वि.मं. (6.01.2015 से)
श्री टी. के. सेनगुप्ता	निदेशक (ऑफशोर), ओएनजीसी (1.02.2014 से)
ए.वी.एम.ए.एस बुटोला	एसीएएस (प्रचालन, टी व एच), वायुसेना (05.05.2014 से)

निवर्तमान निदेशक

श्री बी. एस. भुल्लर	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (01.01.2015 से 09.03.2015 तक)
श्री अनिल श्रीवास्तव	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (23.03.2012 से 31.12.2014 तक)
सुश्री पूजा जिंदल	निदेशक, ना.वि.मं. (04.04.2014 से 06.01.2015 तक)
श्री प्रभात कुमार	डी.जी.सी.ए (01.01.2014 से 30.12.2014 तक)
श्री एस. मछेन्द्रनाथन	विशेष सचिव व वित्त सलाहकार, ना.वि.मं. (12.12.2011 से 19.11.2013 तक)
श्री पी.के बोरठाकुर	निदेशक (ऑफशोर), ओएनजीसी (5.11.2012 से 01.02.2014 तक)
श्री जी. असोक कुमार	संयुक्त सचिव-ना.वि.मं. (12.01.2012 से 04.04.2014 तक)
श्री अरूण मिश्रा	डी.जी.सी.ए (26.07.2012 से 31.12.2013 तक)
एवीएम एसआर के नायर	एसीएएस (प्रचालन, टी व एच), वायु सेना (01.02.2013 से 05.05.2014 तक)

निदेशक मंडल श्री एस मछेन्द्रनाथन, श्री पी के बोरठाकुर, श्री जी असोक कुमार, श्री अरूण मिश्रा, एवीएम एस आर के नायर, सुश्री पूजा जिंदल, श्री प्रभात कुमार, श्री अनिल श्रीवास्तव और श्री बी एस भुल्लर द्वारा उनके कार्यकाल के दौरान उनके द्वारा दी गई मूल्यवान सेवाओं की सराहना करता है। वित्त वर्ष 2013-14 की बोर्ड बैठकों में तथा पिछली एजीएम में प्रत्येक निदेशक की उपस्थिति का विवरण निम्नांकित है:-

निदेशक का नाम	वित्त वर्ष 2013-14 के दौरान बोर्ड बैठकों की तिथि-उपस्थित निदेशक				वा.सा. बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति
	9.5.13	30.10.13	18.12.13	15.01.14	18.12.13
श्री अनिल श्रीवास्तव अप्रनि	जी हाँ	जी हाँ	जी हाँ	जी हाँ	जी हाँ
श्री एस. मछेन्द्रनाथन	जी हाँ	जी हाँ	-	-	-
श्री जी. असोक कुमार	अवकाश	जी हाँ	जी हाँ	जी हाँ	जी हाँ
श्री अरुण मिश्रा	जी हाँ	अवकाश	जी हाँ	-	जी हाँ
श्री पी. के. बोरठाकुर	जी हाँ	जी हाँ	जी हाँ	अवकाश	जी हाँ
एवीएम एस. आर. के. नायर	जी हाँ	जी हाँ	जी हाँ	जी हाँ	जी हाँ
श्री प्रभात कुमार	-	-	-	जी हाँ	-

कंपनी के किसी भी निदेशक को कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 274 (1) (छ)/कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 के प्रावधान के अनुसार अयोग्य नहीं ठहराया गया है।

X. निदेशकों के उत्तरदायित्व का विवरण

कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 217 (2एए)/कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134(5) के प्रावधान के अनुसार 31 मार्च, 2014 को समाप्त वित्त वर्ष के वार्षिक लेखे के संबंध में आपके निदेशकों ने:-

(क) वार्षिक लेखों को तैयार करने में लागू लेखांकन मानकों का पालन तथा सामग्री के अपसरण के संबंध में उचित स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, समाविष्ट किया है।

(ख) ऐसी लेखांकन नीतियों को चुना है तथा उनका बराबर प्रयोग किया है तथा ऐसे विनिर्णय तथा प्राक्कलन किए हैं जो उचित तथा युक्ति संगत हैं, जिससे वित्त वर्ष के अंत में कंपनी के कार्य मामले तथा उस अवधि के लिए कंपनी के लाभ की सत्य तथा निष्पक्ष छवि प्रस्तुत हो सके।

(ग) कंपनी अधिनियम 1956 के प्रावधानों के अनुसार कंपनी की परिसंपत्तियों के रक्षार्थ पूर्वोपाय तथा जालसाजी और अन्य विसंगतियों को रोकने तथा पता लगाने के लिए समुचित तथा पर्याप्त ध्यान रखा गया; और

(घ) वार्षिक लेखों को लाभकारी कारोबारी संस्थान आधार पर तैयार किया गया है।

(ङ) सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणाली तैयार करना और ऐसी प्रणाली पर्याप्त और प्रभावी ढंग से काम कर रही थी।

XI. **नैगमिक अभिशासन :**

कंपनी ने नैगमिक अभिशासन के विषय में पहल की है तथा इसकी कार्यप्रणाली को विभिन्न स्टेक होल्डरों द्वारा स्वीकारा गया है।

कंपनी ने डीपीई द्वारा 06.07.2007 को जारी नैगमिक अभिशासन के मार्गदर्शी सिद्धांतों को अपनाया है। डीपीई ने दिनांक 14.05.2010 के का.ज्ञा. के माध्यम से इन मार्गदर्शी सिद्धांतों को अनिवार्य किया है तथा पवन हंस ने डीपीई के मार्गदर्शी सिद्धान्तों को सम्भाव्य अधिकतम रूप से अपनाया, सिवाय स्वतंत्र निदेशकों के अपेक्षित संख्या के, जो नागर विमानन मंत्रालय के विचाराधीन है। निदेशक मंडल द्वारा 110 वीं बैठक में आदर्श आचरण संहिता का अनुमोदन किया गया तथा इन पर कार्य प्रमुखों एवं निदेशकों ने हस्ताक्षर किये हैं।

<u>लेखापरीक्षा समिति</u>

कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 292 (क) 177 कंपनी अधिनियम 2013 के अनुपालन में निदेशक मंडल द्वारा 24.05.2001 को इसके अध्यक्ष तथा दो निदेशकों को शामिल करके एक लेखा परीक्षा समिति का गठन किया गया है लेखापरीक्षा समिति के द्वारा, वित्तीय विवरण, आंतरिक नियंत्रण प्रणाली, आंतरिक लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट, सांविधिक लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट, सी एवं एजी के टिप्पणियों की समीक्षा की जाती है तथा वित्त वर्ष में अपेक्षित बैठकों का आयोजन किया जाता है। वित्त वर्ष 2013-14 के दौरान लेखापरीक्षा समिति द्वारा 30.10.2013 और 18.12.2013 को बैठकें की गई। अब तक वर्तमान में लेखापरीक्षा समिति में श्रीमती मनी सथियावथी, अपर सचिव और वित्तीय सलाहकार, नागर विमानन मंत्रालय की लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष के रूप में, श्री प्रभात कुमार, नागर विमानन मंत्रालय के महानिदेशक, एवीएम ए.एस. बुतेला एसीएएस (प्रचालन टी व एच), वायुसेना मुख्यालय और श्री टी. के. सेनगुप्ता, निदेशक (ऑफशोर)-ओएनजीसी सदस्य के रूप में शामिल हैं।

<u>नैगमिक अभिशासन पर डीपीई मार्गदर्शी दिशा-निर्देशों के अनुसार विवरण:-</u>

गत तीन वर्षों के दौरान आयोजित वार्षिक आम बैठकों का विवरण निम्नांकित है:-

वार्षिक सामान्य बैठक	वा. सा. बै का समय	वा. सा. बै का स्थान	विशेष संकल्प, यदि कोई हो
26वीं वार्षिक आम बैठक 29.12.2011 को आयोजित की गई	12.30 (अप.)	पंजीकृत कार्यालय सफदरजंग एयरपोर्ट, नई दिल्ली-110003	
27वीं वार्षिक आम बैठक 27.12.2012 को आयोजित की गई	04.30 (अप.)	पंजीकृत कार्यालय सफरदरजंग एयरपोर्ट, नई दिल्ली-110003	कंपनी का नाम "पवन हंस हेलीकॉप्टर्स लिमिटेड" से "पवन हंस लिमिटेड" में परिवर्तित
28वीं वार्षिक आम बैठक 18.12.2013 को आयोजित की गई	12.30 (अप.)	पंजीकृत कार्यालय सफरदरजंग एयरपोर्ट, नई दिल्ली-110003	
29वीं वार्षिक आम बैठक 31.12.2014 को आयोजित की गई	12.30 (अप.)	पंजीकृत कार्यालय सफदरजंग एयरपोर्ट, नई दिल्ली-110003	

राष्ट्रपति निर्देश

वर्ष के दौरान राष्ट्रपति का कोई निर्देश जारी नहीं किया गया।

लोक शिकायत निवारण

कर्मचारियों और जनता की शिकायतों के निवारण हेतु कंपनी सरकारी दिशा निर्देशों का अनुपालन कर रही है।

सिटीजन चार्टर

नागर विमानन मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रारूप के अनुरूप कंपनी ने अपनी बेवसाइट पर सिटिजन चार्टर जारी किया है।

सत्यनिष्ठा समझौता

दिनांक 09.11.2011 को कंपनी ने ट्रांस्परेंसी इंटरनेशनल इंडिया के साथ सत्यनिष्ठा समझौता पर हस्ताक्षर किया है। सत्यनिष्ठा समझौता पर एक करोड़ या उससे अधिक मूल्य के प्रमुख निविदाओं और विक्रेता द्वारा हस्ताक्षर किए भाग से संबद्ध है।

वरिष्ठ प्रबंधन का संबंधित पार्टी लेन-देन

वरिष्ठ प्रबंधन से संबंधित कोई भी संबंधित पार्टी लेन-देन वर्ष के दौरान नहीं हुए जिसमें उनका कोई व्यक्तिगत हित हो।

कॉरपोरेट गवर्नेंश दिशा निर्देश के अनुपालन से संबंधित पेशेवर कंपनी सचिव का प्रमाणपत्र

कॉरपोरेट गवर्नेंश दिशानिर्देश के अनुपालन से संबंधित प्रमाणपत्र अभ्यासरत कंपनी सचिव से प्राप्त हो गए हैं।

पारिश्रमिक समिति

स्वतंत्र निदेशकों के अधिष्ठापन पर डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार पारिश्रमिक समिति गठित की जाएगी जो वर्तमान में प्रशासनिक मंत्रालय के विचाराधीन है।

विसल ब्लोअर नीति

स्वैच्छिक पहल के रूप में विसल ब्लोअर नीति का अनुपालन किया जा रहा है। यह नीति सुनिश्चित करेगी कि किसी भी प्रकार के शोषण से एक सच्चे विसल ब्लोअर को उपयुक्त सुरक्षा मिले। यह नीति कंपनी के समस्त कर्मचारियों के लिए उपलब्ध होगी तथा कंपनी के इन्ट्रानेट में लोड होगी। किसी भी कार्मिक को लेखापरीक्षा समिति की पहुँच से वंचित नहीं रखा गया।

निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व

कंपनी डीपीई द्वारा जारी सीएसआर मार्गदर्शी सिद्धांतों के समझौता ज्ञापन के अनुसार सौंपे गए निगमित सामाजिक दायित्व की भूमिका का पालन कर रही है। कंपनी ने डीपीई द्वारा बनाए गए मार्गदर्शी सिद्धांतों के आधार पर सितंबर 2010 में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व तथा अवलंबनीय नीति बनाई है। सीएसआर समिति बोर्ड सीएसआर की प्रगति पर नजर रखता है। वित्त वर्ष 2013-14 के लिए ₹ 0.35 करोड़ का सामाजिक उत्तरदायित्व बजट अनुमोदित किया गया। सीएसआर के अंतर्गत कंपनी ने अरुणाचल प्रदेश में रामकृष्ण मिशन अस्पताल को दो एम्बुलेंस उपलब्ध कराई और 2014-15 में गैर सरकारी संगठनों द्वारा

किए गए संबंधित कार्यों के लिए भुगतान जारी किया गया। इसके अतिरिक्त नागर विमानन मंत्रालय के दिशा निर्देशों के अनुसार भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को शौचालय निर्माण के लिए ₹ 1.00 करोड़ का योगदान देगी।

XII. **लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट**

सांविधिक लेखा-परीक्षकों द्वारा वित्त वर्ष 2013-14 के वार्षिक लेखे हेतु दी गई टिप्पणियों को उनके उत्तर सहित अनुलग्नक 'क' में संलग्न किया गया है। (कृपया पृष्ठ 83 देखिए)।

कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 619 (4) के अनुसरण में भारत के नियंत्रक तथा महालेखापरीक्षक की रिपोर्ट अनुलग्नक 'ख' में संलग्न है (कृपया पृष्ठ 104 देखिए)

XIII. **कर्मचारियों का विवरण**

निगमित मामले मंत्रालय द्वारा दिनांक 31 मार्च, 2011 अधिसूचना सं जीएसआर 289 (ई) द्वारा जारी कंपनी अधिनियम 1975 की धारा में संशोधन (कर्मचारियों का विवरण) के अनुसार अधिनियम, 1956 की धारा 217 (ए) के अनुसार सरकारी कम्पनी में प्रतिवर्ष ₹ 60 लाख या इससे अधिक वेतन पाने वाले या पूरे वित्तीय वर्ष में नियुक्त या प्रतिमाह 5 लाख पाने वाले, यदि वित्तीय वर्ष में नियुक्त हो या इसका एक हिस्सा हो, का विवरण शामिल करना आवश्यक नहीं है।

XIV. **राजभाषा नीति**

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कम्पनी ने सरकार की राजभाषा नीति के विभिन्न प्रावधानों के कार्यान्वयन हेतु हिन्दी पखवाड़े का आयोजन, हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन, वित्तीय प्रोत्साहन, विज्ञापनों का द्विभाषी रूप में जारीकरण तथा राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) का अनुपालन करने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है।

XV. **विकलांग व्यक्तियों को रोजगार**

कम्पनी विकलांग व्यक्तियों के लिए बने कानून के प्रावधानों (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण सहभागिता) अधिनियम, 1995 का पालन करती है।

XVI. **सतर्कता**

कम्पनी में एक सतर्कता विभाग है, जिसका प्रमुख मुख्य सतर्कता अधिकारी है। मुख्य सतर्कता अधिकारी के मार्गनिर्देशानुसार ई-टेंडर, ई-टिकट, ई-पेमेन्ट और फाइल ट्रेकिंग को क्रियान्वित किया गया है। अधि प्राप्ति में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नवम्बर, 2011 में ट्रांसपरेन्सी इंटरनेशनल इण्डिया के साथ इन्टेग्रिटी पैक्ट पर हस्ताक्षर किया गया है। सीवीसी के अनुमोदन पर एक स्वतन्त्र एवं बाह्य अनुवीक्षक (आई ई एम) की भी नियुक्ति की गई है। कम्पनी के निदेशक मंडल ने विसल ब्लोअर नीति का भी अनुमोदन किया है।

सतर्कता दृष्टिकोण को आकर्षित करने वाले मामलों पर सतर्कता मामले शुरू किये जा चुके है और कुछ अधिकारियों/वरिष्ठ कार्यपालकों के विरूद्ध प्रमुख जुर्माने कार्रवाही के लिए आरोप पत्र भी दाखिल किये गये है। सतर्कता विभाग की विवेकशील क्रियाशील से संगठन की कार्यक्षमता और छवि के साथ ही जवाबदेही कोड में संवर्धन हुआ है। सतर्कता विभाग ने कर्मचारियों को निविदा प्रक्रिया, आधिप्राप्ति एवं निविदाओं तथा अधिप्राप्ति से संबंधित सीवीसी के मार्गदर्शनों के बारे में शिक्षित करने के लिए द्वितीय सहायक पुस्तिका जारी की है।

सतर्कता विभाग विभिन्न मामलों का अध्ययन भी कर रहा है ताकि संगठन में मौजूदा प्रचलित पद्धति और कार्यप्रणाली में सुधार तथा सरलीकरण किया जा सके, विशेषकर उन क्षेत्रों में, जहाँ प्रणाली में सुधार की अपेक्षा है ताकि कार्यकुशलता, खर्च हटाने और पारदर्शिता में वृद्धि हो। ये अध्ययन विलम्ब होने के बिन्दुओं, विलम्ब के कारण तथा इसके सम्भावित उपायों पर केन्द्रित है ताकि एक उपयुक्त कार्यविधि तैयार करके विलम्ब को तथा भ्रष्टाचार के अवसरों को कम किया जा सके। ये अध्ययन वार्षिक सम्पत्ति विवरण, सतर्कता, जागरूकता, प्रशिक्षण, स्पेयर्स की खरीद और यान्त्रिक सुविधा की समीक्षा करके पारदर्शिता और सतर्कता व्यवस्था को किस प्रकार सशक्त बनाया जाए इस पर भी केन्द्रित है।

